# लाडो प्रोत्साहन योजना से लाभांवित करने के जिला कलेक्टर ने दिए निर्देश

**गंगापुर सिटी।** कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी ने जिला स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों की आवश्यक सेवाओं के संबंध में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने बजट-घोषणा, कृषि, सडक, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में जिला कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बत्तीलाल मीना से लाडो प्रोत्साहन योजना में प्रगति का विस्तृत ब्योरा प्राप्त किया और योजना में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में बजट घोषणा एवं स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक भूमि आवंटन के लम्बित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। इस सम्बन्ध में जिला कलेक्टर ने संबंधित बीसीएमओ के माध्यम से उपखण्ड अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शेष रहे लम्बित प्रकरणों में आवंटन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करवाने के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। वहीं, दीपावली के त्योहार पर आतिशबाजी को देखते हुए एम्बुलेंस व्यवस्था सहित मेडिकल इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम गठित करने के अनुदेश प्रदान किए। जिला कलेक्टर ने ओडीके एप संचालन में प्रशिक्षित कार्मिकों द्वारा एप के नियमित संचालन के लिए विकास अधिकारी जौहरी लाल को निर्देश प्रदान किए। बैठक में जिला कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों, ट्रांसफार्मरों, नलकूपों, पाइप लाइनों सहित सीसी पुलिया, सीसी सडकों आदि की मरम्मत से संबंधित कार्यों का विस्तृत ब्योरा संबंधित अधीक्षण अभियन्ताओं से प्राप्त किया और मरम्मत कार्य गुणवत्ता पूर्ण करवाने की निर्देश प्रदान किए। डॉ. सैनी ने नगर परिषद् के कनिष्ठ अभियन्ता सुरेश शर्मा को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार यूडी टैक्स कलेक्शन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और पिछले वित्तीय वर्षों में में एकत्रित किए गए यूडी टैक्स की समीक्षा की। साथ ही आगामी दिनों में दिवाली को देखते हुए मुख्य बाजारों में कहीं भी कचरा एकत्रित नहीं होने देने के निर्देश दिए और जहाँ कहीं भी कचरा एकत्रित होता है तो उसके शीघ्र निस्तारण कराने और अतिक्रमण नहीं होने देने के निर्देश दिए।

## विजेताओं को सम्मानित किया

**भुसावर भरतपुर ( निस )।** दिसंबर 23 से लगातार संचालित ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता के सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विजय कुमार गुप्ता अचार उद्योग तथा विशिष्ट अतिथि पूरन मल मिश्र पूर्व शिक्षा विद रहे। प्रतियोगिता में भुसावर से सम्बंधित प्रश्न प्रत्येक रविवार को ऑन लाइन प्रातः 11 बजे पूछा जाता है जिसमें प्रथम जवाब देने वाले 20 प्रतियोगियों को बड़े समारोह में लकी ड्रॉ द्वारा विजेता घोषित कर पुरुस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक अरविन्द मित्तल ने बताया कि 7 जुलाई से 27 अक्टूबर 24 तक कुल 17 विजेताओं को लकी ड्रॉ द्वारा प्रथम पुरुस्कार किरोड़ी लाल मित्तल स्मृति न्यास के सौजन्य से दिए गए। जिसमें कपिल मित्तल, सोनल, प्रभा, स्वाति, सीमा, पवन, नरेश, मीना, बबलू, मंजू, कनक को प्रथम पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसे प्रोग्राम होते रहने से अपनी मातृभूमि के यादें बनी रहती हैं तथा विशिष्ट अतिथि ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान होना भी उतना ही जरूरी है।

## 'त्यौहारों के समय शहर में साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें'

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि आगामी समय में त्यौहारों को देखते हुए शहरी क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिये नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिये, उन्होंने इसके अलावा शहर में सुबह एवं दोपहर में साफ-सफाई का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सीएमएचओ को मिलावट जैसे मिठाई, मावा, पनीर, घी, दूध सहित अन्य खाद्य सामठी का सैंपल लेकर दिवाली पर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करना सुनिश्चित करने, गत दिनों प्रमुख शासन सचिव के द्वारा जिला स्तर पर ली गई बैठक में दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने, चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, कृषि विभाग के संयूक्त निदेशक को रवि की फसल को देखते हुए डीएपी सहित अन्य खाद्य एवं बीज की किसानों कि मांग के अनुसार प्रचुर मात्रा में उपलब्धता रखने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, डेमेज सडकों को दुरूस्त करने, जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। इसके अलावा संपर्क पोर्टल सहित अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिशत पालना करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल, सीएमएचओ डॉ. दिनेश मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### तुलसी पौध वितरण किया

**भरतपुर ( निस )।** हरित बृज सोसायटी द्वारा श्री बांके बिहारी जी मंदिर किला भरतपुर पर तुलसी पौध वितरण किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि हर घर तुलसी अभियान के अंतर्गत 311 तुलसी के पौधे मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थियों को वितरित किए गए। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष डॉ अशोक पाराशर ने तुलसी के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी एवं कहा कि सर्दियों की में तुलसी का प्रयोग बहुत ही लाभदायक होता हैं। महासचिव सतेंद्र यादव ने बताया कि आज रामा और श्यामा दोनों प्रकार की तुलसी पौध उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर सोसायटी के शंकर लाल, सुषमा गोयल, तुलसीराम शर्मा, आदित्य शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 29 को दौरे पर

**भरतपुर ( निस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक दिवसीय दौरे पर 29 अक्टूबर मंगलवार को भरतपुर आयेंगे। जिला कलक्टर डॉण् अमित यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रातः 10.15 बजे भरतपुर एमएसजे कॉलेज मैदान हैलीपैड पहुँचेंगे जहां से 10.25 बजे आरबीएम अस्पताल पहुँचकर प्रधानमंत्री द्वारा वीसी के माध्यम से पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रेक्चर मिशन के अन्तर्गत क्रिटिकल ब्लॉक्स के शिलान्यास के समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अपरान्हः 2.30 से 3.30 बजे तक सर्किट हाउस में रहेंगे तथा अपरान्हः 3.35 बजे एमएसजे कॉलेज मैदान में हैलीकॉप्टर से रवाना होकर 3.45 बजे ग्राम अटारी स्थित हैलीपैड पहुँचेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सांय 3.45 से 4.45 बजे तक ग्राम अटारी में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेकर जयपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### बैठक का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** विप्र फाउंडेशन प्रदेश कार्य समिति बैठक का आयोजन कुहू इंटर नेशनल स्कूल गंगा पुर सिटी में किया गया। भगवान परशुराम चित्र पट पर दीप प्रज्ज्वलन और मंगलाचरण के साथ प्रारंभ हुई बैठक में विप्र फाउन्डेशन की रीति नीति, संगठन में नियुक्ति, संगठन के कार्य कर्ताओ का अनुशासन और प्रेरणादायी जीवन की आवश्यकता, जॉन के प्रत्येक जिले में आगामी समय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों जैसे-सामाजिक एकता, दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम, शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रतिभा सम्मान समारोह विप्र रत्न सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, ई लाइब्रेरी की स्थापना, विभिन्न प्रकोष्ठों के सम्मेलन, विप्र सम्मेलन, प्रदेश कार्य समिति की आगामी बैठक केरियर गाइडेंस समारोह और संगठन के नेतृत्व में समाज हितार्थ धरातल पर किए जाने वाले कार्यों पर बैठक में चर्चा, सुझाव व निर्णय हुए। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जॉन 1 प्रभारी भुवनेश्वर शर्मा प्रदेशाध्यक्ष जॉन कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी, जॉन 1 प्रदेशाध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय ने अपने सार गर्भित उद्बोधन से विप्र फाउन्डेशन के सभी पदाधिकारीयो को आगामी समय में किए जाने वाले कार्यों और समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों का एक जुटता के साथ सामना करने के साथ ही अपना अधिकतम योगदान देने का संकल्प दिलाया कार्य क्रम में जॉन के प्रदेश पदाधिकारी गंगा राम पाराशर, कैलाश तिवारी शान्तुन पाराशर डा हेमन्त शर्मा, अनिल भारद्वाज डा मनीष, अजय शर्मा, सियाराम शर्मा, महेश दास महन्त, सुभाष भारद्वाज, महेश पाराशर, सतेन्द्र शर्मा सुरेन्द्र शर्मा, दिलीप तिवाड़ी, भूपेन्द्र अवस्थी, डा सुशील पाराशर ने भी अपने विचार, व सुझाव रखे, बैठक में भरतपुर जिले से गंगा राम पाराशर, दया चन्द पचौरी, ब्रज भूषण पाराशर, अनिल भारद्वाज, डा सुशील पाराशर, इंदु शेखर नरेन्द्र शर्मा सहित जॉन 1 डी के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शिलान्यास आज

**करौली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा वर्चुअल माध्यम से आज मंगलवार को क्रिटीकल केयर ब्लॉक्स के शिलान्यास कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे मेडिकल कॉलेज मंडरायल रोड करौली में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर राज्य सरकार के निर्देशों कि पालना में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं जिला प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडनेकर भी शामिल होगे।

## निरीक्षण किया

**करौली( नि.स. )।** श्रम विभाग, मानव तस्करी निरोधक यूनिट व चाइल्ड लाइन करौली द्वारा बाल श्रम रोकथाम एवं जागरूकता अभियान के तहत जिले में सोमवार को मुख्य मिष्ठान भंडार दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीकानेर स्वीट होम,जय बजरंग सरमथुरा मिष्ठान भंडार,ब्रजवासी मिष्ठान भंडार, विष्णु मिष्ठान भंडार,श्री बालाजी मिष्ठान भंडार आदि का निरीक्षण कर पायी गई अनियमितताओं के संबंध में मौके पर नियोजकों को विभिन्न श्रम अधिनियमों के अंतर्गत नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान श्रम निरीक्षक माधव गोस्वामी, श्रम निरीक्षक राजेश कुमार, जिला प्रबंधक गोपाल सिंह, मानव तस्करी युनिट के मंजीत, चाइल्ड लाइन के भीकम सिंह व विजय सिंह ने संस्थान मालिकों को बाल श्रम संबंधी कानूनों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि यदि कियी संस्थान पर 18 वर्ष से कम उम्र का कोई बालक कार्य करते हुए पाया गया तो संस्थान मालिक के विरुद्ध समुचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# आम जनता के बिना सहयोग के पुलिस अपराधियों और अपराधो पर काबू नहीं पा सकती

**भुसावर ( निस )।** एनएच 21 जयपुर आगरा पर जिले की सीमा का अंतिम थाना खेड़ली मोड़ परिसर में रविवार की शाम को थाने के सी एल जी सदस्यों की बैठक वैर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जय नारायण मीणा ने ली। आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयनारायण मीणा ने सीएलजी सदस्यों से कहा कि एन एच 21 जयपुर भरतपुर पर जिले की सीमा का अंतिम नवीन स्थापित थान खेड़ली मोड़ इलाके में शांति व्यवस्था और कानून को बनाए रखने के अलावा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश पाने के आम जनता का सहयोग होना जरूरी है।

उन्होंने कहा की आम जनता के बिना सहयोग के पुलिस अपराधियों और अपराधो पर काबू नहीं पा सकती है। उन्होंने कहा कि खेड़ली मोड़ थाना इलाके में किसी भी प्रकार के अपराधिक गति विधि से संबंधित कोई सूचना अगर कोई व्यक्ति थाने पर देता है उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि खेड़ली मोड़ थाना इलाके के अंदर किसी भी अपराध घटित होने की संभावना नजर आती है तो उसकी सूचना खेड़ली मोड़ थाने पर थाना धिकारी या बीट प्रभारी के बताए गए मोबाइल पर संपर्क कर सूचना दी जानी चाहिए। ताकि अपराधिक और अपराधियों पर काबू पाया जा सके। उन्होंने कहा कि खेड़ली मोड़ थाने पर सूचना देने वाले के नाम गोपनीय रखा जाएगा।

वही बैठक में भुसावर सर्किल के सीओ धर्मेंद्र शर्मा ने सी एल जी सदस्यों से कहा कि खेड़ली मोड़ थाना परिसर में आने वाले फरियादी की बात को गंभीरता से सुना जाना चाहिए और संतोषजनक जवाब दिया जाना चाहिए आवश्यक दिशा निर्देश पुलिस स्टाफ को दिए। खेड़ली मोड़ थाने के थानाधिकारी महेश मीणा ने सीएलजी की बैठक में आए सदस्यों से बोलते हुए कहा कि थाना परिसर में आने वाले फरियादी की बात को सुना जाएगा और उसकी समस्याका निराकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गृह विभाग ने नया थाना खोला है। इस थाना इलाके में दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ा गया। जितने भी गांव खेड़ली मोड़ थाना इलाके में आते है।

उन गावो में पुलिस मित्र बनाए जाने सहित सुरक्षा सखियों का गठन किया जाएगा। साथ ही थाने की बीट वाइज पुलिस कर्मियों के और थाने के संपर्क नंबर भी सार्वजनिक स्थानों पर ग्रामीण अंचल में अंकित किए जायेंगे।

उन्होंने सीएलजी सदस्यों की बैठक में कहा की एनएच 21 जयपुर भरतपुर पर और खेड़ली मोड़ थाना इलाके में प्रोपर तरीके से सुबह शाम देर रात को गस्त जारी है। वही उन्होंने कहा कि थाना इलाके में शांति और कानून व्यस्था बनाए रखने के लिए खेड़ली मोड़ थाना पुलिस की ओर से समाज सेवियों से संपर्क किया जाता रहा है। सीएलजी की बैठक में पुलिस के अधिकारियों ने वार्ता करते हुए अपने सुझाव मांगे। बैठक में आए लोगों ने अधिकारियों से कहा कि खेड़ली मोड़ चौराहा पर होने वाली बंद दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जयपुर की तरफ से भरतपुर की तरफ जाने वाली लाइन में वन विभाग के पास जेड आकार के वेरी केट लगाए जाने तथा चौराहा पर एन एच ए आई की ओर से रोशनी की व्यवस्था कराए जाने सहित अन्य सुझाव दिए।

आयोजित बैठक में खेड़ली मोड़ थाना के सहायक उपनिरीक्षक महेश चंद हेड कांस्टेबल जीतेंद्र सिंह सतेंद्र सिंह अमित शर्मा अरविंद कुमार जयकेश मीणा सहित अन्य पुलिस कर्मी और सी एल जी सदस्य उपस्थित रहे।

## जिला कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**भरतपुर ( निस )।** जिला आरबीएम अस्पताल में मंगलवार को क्रिटिकल केयर यूनिट का शिलान्यास किया जाएगा। माना जा रहा है कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कल भरतपुर आकर इसका शिलान्यास करें। जिसे लेकर प्रशासन के द्वारा भी पूरी तैयारी की जा रही है। जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव, एडीएम सिटी राहुल सैनी, एएसपी सतीश कुमार, सिओ सिटी पंकज यादव, चिकित्सा अधीक्षक डॉ नगेन्द्र भदौरिया, सीएमएचओ डॉ गौरव कपूर ने भी शिलान्यास स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

आरबीएम अस्पताल में पार्किंग वाली जगह पर एक विशाल डोम बनाया जा रहा है। जिसमें करीब तीन हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। प्रदेश में इस प्रकार की 33 क्रिटिकल केयर यूनिट बननी हैं। फिलहाल आठ क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण 210 करोड 75 लाख की लागत से होना है। जिसके बाद मुख्यमंत्री भजन लाल आरबीएम अस्पताल की क्रिटिकल केयर यूनिट का शिलान्यास कर सकते हैं।

## श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**गंगापुर सिटी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र एवं कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के संयुक्त तत्वाधान में 'दिवाली विद माय भारत' के प्रथम वर्षगांठ पर गंगापुर सिटी मे कुशालगढ के बाबा श्याम मन्दिर के आस पास युवाओं द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया एवं लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम के बारे में विवेकानंद युवा मंडल अध्यक्ष रिजुल गर्ग ने बताया कि जिले में माय भारत युवाओं द्वारा यह संदेश दिया जा रहा है की स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अध्यक्ष रवि मंगल द्वारा भी स्वच्छता का संदेश देकर कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का भी संकल्प है स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत तो हम इस दिवाली सबसे पहले प्रत्येक व्यक्ति अपने आस पास गंदगी न करे स्वच्छता रखें। अभियान के अंतर्गत दिवाली पूर्व स्वयंसेवा का परिचय देते हुए यातायात विभाग के साथ मुख्य चौराहों पर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी, फव्वारा चौक जैसे मुख्य बाजारों में स्वच्छता अभियान व अस्पतालों में आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं में मदद आदि कार्य किये जायेंगे।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**करौली ( नि.स. )।** करौली के मंडरायल और सपोटरा क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री रमेश मीणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। पूर्व मंत्री मीना के नेतृत्व मे पूर्व सरपंच योगेश शर्मा, रंगी, कुजीलाल, मुके'श, सियाराम, कुंवरपाल, राजेन्द्र, नबल मीना, नथुआ लाल, भूरसिंह सहित दर्जनो कि संख्या मे आये ग्रामीणो ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन सौंपकर हाड़ौती में बनास नदी प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध बजरी दोहन,मंडरायल जिला अस्पताल मे नवीन भवन निर्माण,मंडरायल में अवैध नशीली दवाओं की बिक्री,सट्टे और नशे के कारोबार पर लगाम कसने और रोधई ग्राम पंचायत में मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। पूर्व मंत्री रमेश ने आरोप लगाया कि कुछ प्रभावशाली और बजरी माफिया सपोटरा के हाड़ौती में बनास नदी से प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध बजरी का दोहन कर रहे हैं जबकि अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस और प्रशासन पर कार्यवाही करने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा कि आमजन में आक्रोश व्याप्त है अवैध बजरी दोहन और बजरी माफियाओं के कारण क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि मंडरायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत हुए लंबा समय बीत चुका है लेकिन राजनीतिक स्वार्थ और दबाव के कारण अभी तक अस्पताल के नवीन भवन का निर्माण शुरू नहीं हो सका है जबकि टेंडर हो चुके हैं पूर्व मंत्री का आरोप है कि राजनीतिक दबाव और कुछ लोगों के स्वार्थ के कारण क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए 50 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है पूर्व मंत्री का आरोप है कि मंडरायल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रोधई में एसएफसी, एफएफसी,मनरेगा सहित अन्य योजना में विकास कार्यों में जमकर फर्जीवाड़े किये जा रहे है। पूर्व मंत्री का आरोप है कि क्षेत्र में हैंडपंप के स्थान पर सिंगल फेज मोटर लगाई जा रही है जिसका कोई विद्युत कनेक्शन नहीं है।

इस कारण हैंडपंप की बजाय सिंगल फेज मोटर से उसका उपयोग निजी स्वार्थ में होने की संभावना है। पूर्व मंत्री ने ठेकेदार पर नियमानुसार कार्य नहीं करने और अन्य योजनाओं में भी फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों के साथ मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित जिम्मेदार अधिकारियों से दोषियों के खिलाफ उचित और कड़ी कार्यवाही कि मांग की है।




## अभिकर्ताओ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**करौली ( नि.स. )।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदर्शन कर विभिन्न मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है। साथ ही मांगों को लेकर कोई सुनवाई नहीं होने पर उठा आंदोलन की चेतावनी दी है।

अभिकर्ता संगठन के भूरसिंह जाटव ने बताया कि अभिकर्ता लंबे समय से अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग करते आ रहे हैं। जिसमें किलो बैक नियम वापस लेने,अभिकर्ताओं के कमीशन में वृद्धि,पॉलिसी धारकों के बोनस में वृद्धि करने और अभिकर्ताओं की ग्रेच्युटी बढ़ाने सहित विभिन्न मांग है। अभिकर्ता अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर को लेकर कई बार धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन अभी तक मांग पूरी नहीं हुई। भूरसिंह चैधरी ने बताया कि प्रदर्शन करके मैनेजमेंट को संदेश दिया कि मांगों पर ध्यान दिया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर 10 लाख से अधिक अभिकर्ता सड़क पर भी उतरने को मजबूर होंगे। इस दौरान लियाफी के पूर्व जोन सेक्रेटरी भूरसिंह चैधरी,मंडल सदस्य नगेंद्र जैन आदि अभिकर्ता उपस्थित थे।

# सोमका में हुई मेवात महापंचायत का आयोजन

**भरतपुर( निस )।** मेव समाज में व्याप्त बुराईयों एवं साइबर क्राइम की रोकथाम में सहयोग करने आदि मामलों को लेकर समृद्ध भारत अभियान के बैनर तले डीग जिले की पहाडी तहसील के गांव सोमका में विशाल महापंचायत का आयोजन हुआ। जिसमें राजस्थान व हरियाणा राज्य के जन प्रतिनिधी, उलेमा, मौलवी एवं गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की और इस महा पंचायत में चार प्रस्ताव पारित किये गये। महापंचायत की अध्यक्षता करते हुए मील मदरसा के मौलाना राशिद ने कहा कि अब समय आ गया है, जब समाज को बदलते समय के अनुसार चलना पडेगा तथा सभी बच्चों को आधुनिक व रोजगारपरक तालिम दिलानी होगी। उन्होने कहा कि आज समाज में दहेज व शादी में दिखावा करने की जो कुरीति प्रचलित है, उस पर रोक लगानी होगी। उन्होने कहा कि साइबर क्राइम की वजह से आज मेव समाज बदनामी का दंश झेल रहा है। इससे मुक्ति दिलाने के लिए हमे मिलकर प्रयास करने होंगे। महापंचायत में शादियों में दहेज लेने व देने पर पाबन्दी, विवाह समारोह सादगी से आयोजित करने, तालिम को बढावा देने के लिए मेवात में विश्व विद्यालय खुलवाने एवं साइबर क्राइम की रोकथाम में सहयोग करने के प्रस्ताव लिये गये। साइबर क्राइम की रोकथाम में सभी ने हाथ उठाकर सहयोग देने का समर्थन किया तथा विश्व विद्यालय की स्थापना के लिए जन सहयोग से राशि एकत्रित करने का निर्णय लिया गया। जिस पर समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने एक लाख का सहयोग देने की घोषणा की। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि संस्था मेवात क्षेत्र के विकास के प्रति दृढ संकल्पित है और बालक-बालिकाओं को कम्प्यूटर शिक्षा दिलाने का कार्य प्रारम्भ करा दिया है। इसके अलावा मछली पालन, मुर्गी पालन सहित अन्य रोजगारपरक के प्रशिक्षण भी आयोजित कर कार्य प्रारम्भ कराये जायेंगे। उन्होने कहा कि साइबर क्राइम में वांछित अपराधियों के अतिरिक्त निर्दोष की गिरफतारी के सम्बन्ध में पुलिस के उच्च अधिकारियों से वार्ता की जायेगी। महापंचायत में हरियाणा के नूंह के विधायक एवं पूर्व मंत्री आफताफ अहमद, कामां के पूर्व प्रधान जलिश खान, सद्दीक खान जुरहरा, सरपचं नौमान खान, राजमल ठेकेदार, कृषि उपज मण्डी नगर के चौयरमेन आशा, मौ इकबाल खान, अकबर खान, अत्ता उल्लाह खान ने भी अपने विचार कर समाज सुधार के सम्बन्ध में अनेक सुझाव दिये। संचालन मुफ्ती रिजवान ने किया तथा बृज मेवात जन जागृति अभियान के अध्यक्ष एम. जुबेर खान आभार व्यक्त किया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई

**नदबई ( निस )।** कस्बे में नगर रोड स्थित निज आवास पर जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज के मुख्य आथित्य में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्यरूप से सक्रिय सदस्यता अभियान में गति देने व अधिक से अधिक सदस्यों को जोडने के लिए संकल्प लिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रज्जन महुआ, जिला महामंत्री गोविन्द चौधरी, दुर्गेश बूटोलिया, सत्येन्द्र सिंह गुड्डू, पूर्व पार्षद अरब सिंह, अशोक उपाध्याय व जिला मंत्री उमेश पाराशर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।